Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-05-2022 | अंक 214

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बिना निबंधन वाले नीजी नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक, आयुष क्लीनिक, पैथोलॉजी जांच घर एवं एक्स रे संस्थान पर होगी कार्रवाई,

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 5 मई 2022, 50 हजार से 5 लाख तक का है दण्ड का प्रावधान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**









बरही अनुमंडल सहित पूरे हजारीबाग जिले में बिना निबंधन के चल रहे सभी तरह के निजी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक ,आयुष क्लीनिक, पैथोलॉजी जांच घर एवं एक्स रे संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एस पी सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर सभी को सूचित किया है की बिना नि. बंधन संस्थान का संचालन गैर कानूनी है और पकड़े जाने पर दंड का भी प्रावधान है। विज्ञप्ति के माध्यम से कहा गया है कि क्ली. निकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत हजारीबाग जिला अंतर्गत संचालित बरही एवं सदर अनुमंडल के सभी निजी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक, आयुष क्लीनिक, पैथोल०जी जांच घर एवं एक्स रे पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके लिए 5 मई 2022 तक नि. बंधन हेतु अ०नलाइन पंजीयन करने का निर्देश दिया गया है। 5 मई 2022 के अंदर( ॢ.बसपदपबंसमेजंइ. सपेीउमदज.हवअ.पद ) के माध्यम से अ०नलाइन पंजीयन कर उनकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय हजारीबाग में समर्पित करना अनिवार्य है । सिविल सर्जन ने कहा है कि दिनांक 5 मई 2022 के पश्चात बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी । इसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी। उन्होंने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि अपंजीकृत निजी संस्थान के द्वारा चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराए जाने पर धारा 41 (1) के तहत आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। पहली बार पकड़े जाने पर 50000, दूसरी बार पकड़े जाने पर दो लाख एवं बार बार पकड़े जाने पर 500000 तक का जुर्माना वसूला जा सकता है । यह भी बताया गया है कि सभी निजी अस्पताल, निजी नर्सिंग होम , पै. थोल०जी जांच घर एवं एक्सरे संस्थान आदि में पूछताछ केंद्र, केंद्र में बैठने वाले चिकित्सक का नाम, मेडिकल रजिस्ट्रेशन, प्रदत सेवाओ का नाम और शुल्क, हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य है। ज्ञात हो कि बरही अनुमंडल में 95 प्रतिशत अस्पताल, नीजी नर्सिंग होम, आयुष क्लीनिक, पैथोलॉजी जांच घर एवं एक्स रे संस्थान बिना निबंधन का चल रहा है। इनके द्वारा कोई गाइड लाइन का पालन नही किया जा रहा जा। बरही में मात्र 5 निजी अस्पताल को ही निबंधन प्राप्त है।

APEM LIVE






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दो साल के बाद उत्साह से मनाई गई ईद खुशहाली, अमन और चौन को मांगी दुआ

### शांति की प्रतीक है ईद : तापेश्वर प्रसाद





गले मिलकर ईद की बधाई देते तापेश्वर प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के विभिन्न गांवो में कोरोनाकाल के दो वर्ष बाद ईद का त्योहार शांति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं रसोइया धमना पंचायत में भी ईद शांति के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के सभी लोगो ने स्थानीय कब्रिस्तान में जाकर नमाज अदा किया। नमाज के बाद सभी लोगो ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बढ़ाई दी, ईद मुबारक के बाद एक दूसरे को सेवई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। वहीं रसोईया धमना पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवियों में ता. पेश्वर प्रसाद, सीता राम यादव, हरी यादव एवं हीरामन साहू ने सभी मुस्लिम भाइयों को एक दूसरे की गले लगाकर ईद की बढ़ाई दी और रोड क्र०स करने में मदद किया वहीं समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने बताया की ईद एक धार्मिक त्योहार है जिसे पूरी दुनिया में मुस्लिम समुदाय के लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाते है। यह रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है।

**ईद कब मनाया जाता है।**

ईद उल फितर इस्लामी कलेंडर के दसवें महीने शव्वल के पहले दिन मनाया जाता है। इस्लामी कैलेंडर के सभी महीनो की तरह यह भी नए चांद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारा को बढ़ावा देने वाला त्योहार है।

**क्यों मनाई जाती है ईद**

मक्का से मोहम्मद पैगंबर के प्रवास के बाद पवित्र शहर मदीना में ईद उल फितर का उत्सव शुरू हुआ। माना जाता है की पैगंबर हजरत मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई में जीत हासिल की थी और उसी जीत की खुशी में सबका मुंह मीठा करवाया गया था, इसी दिन को ईद या ईद उल फितर के रूप में मनाया जाता है।

मौके पर मो तस्लीम, मो अख्तर, मो जुल्फीकार, मो नसीम, रौशन अंसारी, मुन्ना अंसारी, सागिर अंसारी, मो बारीक, मो मोइन, मो हदीश, अजमत अंसारी, अल्ताफ अंसारी, असलम अंसारी, सरफराज अंसारी एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बरही में शांति एवं अकीदत के साथ मनाई गई ईद ईदगाह में पढ़ी गई रमजान की अंतिम नमाज

### कोरोना के बाद दिखा उत्साह, सुख समृद्धि की मांगी दुवाएं





ईद की मुबारकबाद देते लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पिछले एक माह से चल रहे रमजान मंगलवार को संपन्न हो गया। मंगलवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहले मस्जित में उसके बाद ईदगाह में पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा की। एक दूसरे से गले लगकर ईद रमजान की मुबारक बाद दी। अलगड़िहा, गरजामु सहित भंडारो, बरसोत , रसोइया धमना, कोयली, कोनरा ईदगाह में रमजान के साथ लोग एक दूसरे को बधाई देते हुए मिठाई एवं सेवई खिलाया। बरसोत में युवा समजसेवी फिरदौस खान के नेतृत्व में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमे हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर मौजूद मुस्लिम अंजुमन कमेटी सिगरेट सलीम खान, सदर अनवर खलीफा, रजाक खान, इमरान खान, राजा खान, सोहराब खान ,फराह खान ,सलमान खान ,शाहिद खान, शाकिर मौलवी, युवा नेता फिरदोष खान ,फरमान खान, तस्लीम खान ,हमारी इमाम फजले हक, सुजीत कुमार, सोनू कुमार ,मुखिया प्रत्याशी मा. `तीलाल चौधरी सहित काफी लोग मौजूद थे। वही डुमरिया डीह गरजामु में मो कयूम के नेतृत्व में ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इधर रसोइया धमना में समा. जसेवी तापेश्वर प्रसाद, हिरामन साहू, सीताराम यादव, मो तौकीर रजा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओ ने गले लगकर ईद की मुबारक. बाद दी।

## धनवार पंचायत के मुखिया प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद ने जन संपर्क किया तेज, ग्रामीणों का मिल रहा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया सह उम्मीदवार राजेंद्र प्रसाद ने कोरियाडीह में जन. संपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन की अपील की । उन्होंने ब्रेड टोस्टर छाप क्रम संख्या–7 पर मोहर लगाकर जीत दिलाने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने जनता की समस्या को सुनकर कहा कि वे समाज सेवा करने के लिए पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा जनता को उपलब्ध कराने के लिए मुखिया पद पर पुनः खड़े हैं। समस्या का समाधान करना ही उनका धर्म है और रहेगा। उन्होंने पिछले कार्यकाल के जनता के हित में किए गए कार्यों को दोहराते हुए कहा कि एक बार पुनः सेवा का मौका दे ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ तथा बुनियादि सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। मौके पर सुखदेव महतो, रामजी प्रसाद, दीपक कुमार, प्रकाश प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, मंटू कुमार, शंकर प्रसाद, विनोद प्रसाद, सोमर महतो, तिलक महतो, कैलाश महतो, श्याम देव महतो, राहुल कुमार, महेश प्रसाद, नारायण महतो, किरण देवी, चांदनी कुमारी, निरिया देवी, उमा देवी, किरण देवी, बालेश्वर महतो, मनीषा कुमारी, संगीता देवी, राजेंद्र प्रसाद, सरजू महतो, जयंत प्रसाद, अरविंद कुमार, पप्पू कुमार वर्मा, मोहन प्रसाद, रिंकू कुमार, स्वाति कुमारी, विनोद कुमार, जाबिर महतो, नारायण महतो, इंदु महतो, विशेश्वर महतो, विनय कुमार, रामचंद्र महतो, राहुल कुमार, सावित्री देवी, मुंद्रिका देवी आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवी संजय यादव ने जनसंपर्क किया तेज, रेखा देवी के पक्ष में मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोल्हुआ कला पंचायत अन्तर्गत गंझुडिह निवासी सुनील सिंह पिता इंद्रदेव सिंह 20 वर्षीय चार दिन पहले गुजरात में रोड कम्पनी में पोकलेन मशीन शिफ्टिंग के दौरान दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गया , बीते रात पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, खबर सुनते पूरे क्षेत्र में मातम छा गया,घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है , सुनील घर का एकमात्र जीविकापार्जन व्यक्ति था, आज ही उनका अंतिम संस्कार किया गया, अंतिम संस्कार में शामिल हुवे समाजसेवी संजय यादव, पहुंच कर परिवार वालो का ढाढस बंधाया और आत्मा की शांति की प्रार्थना की साथ ही बताया कि कंपनी से पूर्ण मुआवजे देने की बात कही और बताया कि यदि कम्पनी किसी तरह की आना कानी करती है तो गुजरात तक जाकर हक की मुआवजे दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा। मौके पर राजू पासवान ब्रह्मदेव पासवान संजय यादव राजेश यादव बिरेंद्र ठाकुर मि. थलेश ठाकुर मनोज पंडित भोला पंडित बा. बूलाल सिंह रवि यादव अजय कुमार संतोष ठाकुर युवराज साव बिनोद कुमार शशि ठाकुर अजय कुमार रमेश यादव बबलू यादव विकाश यादव प्रदीप यादव राजेन्द्र कुमार रंजन कुमार अरविंद कुमार एवम अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

APPEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# मलकोको में धूमधाम से मनाया गया ईद क्षेत्र के लिए अमन और चैन की मांगी दुआ

## खुशियों का त्योहार है ईद : मो अजहरुद्दीन



**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में धूम धाम से ईद मनाया गया। वहीं एंबीशन अकादमी के संच. ालक अजहरुद्दीन ने कहा की रमज़ान की आखिरी शाम जब खूबसूरत चाँद का दीदार आसमान में होता है। तो ये मान लिया जाता है कि अगले दिन ईद है, ईद खुशियों का त्योहार है और खुशियाँ बांटने से ही बढ़ती हैं। ईद का अर्थ खुशियों के त्योहार से है ईद के त्योहार ने हिंदुस्तान की मिट्टी में प्यार को घोले रखा है, यहाँ के लोगों में बेपनाह खुशियाँ बांटी हैं और आपसी मोहब्बत को कायम रखा है। ईद के ज़रिए हमारी ज़िंदगी में खुशियाँ बार–बार आती रहती हैं और इन्हीं छोटी–छोटी खुशियों से ही हम अपने आपको और दूसरों को खुश करने की कोशिश करते हैं। पूरे 30 दिन रोज़े रखने, तरावीह पढ़ने, इबादत करने के पश्चात बहुत अमनो शांति के साथ पढ़ी गयी ईद उल फितर की नमाज़ नमाज़ के बाद सभी बुढ़े, नोजवान, बच्चे, औरतें ने देश के लिए अमन और चौन की दुआ मांगी। पूरे पंचायत के मु. सलमानों ने एक दूसरे के साथ गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दिन सभी लोग अपने सभी शिकवा–शिकायत, भेदभाव, उच्च–नीच को मिटाकर एक दूसरे से एक नए दोस्त और रिश्ते के साथ गले मिलते हैं। मलकोको पंचायत का यह अपना पहचान रहा है कि यहाँ सभी धर्म समुदाय के लोग रहते हैं और एक दूसरे को भाईचारा रूपी एक दूसरे के त्योहार में शामिल होकर समाज और राष्ट्र में एक अनोखा एवं विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। पिछले दो लगातार दो वर्षो से कोविड के कारण लोग ईद जैसे त्यौहार को अपने ही घर में मनाए। लेकिन इस वर्ष बहुत उल्लासपूर्ण ईद को मनाया गया। ईद के दिन सभी लोग दिल खोलकर खुदा के राह में दान करते हैं। और गरीब लोगों को आवश्यक अनुसार सहयोग करते हैं। इस दिन लोग अपने घरों में अपने घर वाले एवं सगी संबंधियों के साथ सेवई खाते हैं। कहते हैं कि सेवई खाने का भी एक कारण है। कहा जाता है कि टेढ़े–मेढ़े रूपी सेवई के ऊपर मिठी दूध डालकर उसे सही किया जाता है। अथार्त बुरे आदतों या कार्यो के ऊपर प्यार रुपी मिठास को डालकर उस बुराइयों को खत्म किया जाता है। मौके पर मौलाना गुलाम हैदर रिज़वी ने बताया कि जिस प्रकार एक मजदूर तीस दिन काम करने के पश्चात अपने मालिक से उसे मेहनताना मिलता है। ठीक उसी प्रकार तीस दिन रोज़ा रखने, इबादत करने के बाद ईद के दिन खुद अपने सभी बंदों को नेमत से नवाजते हैं। वहीं गावँ के मौलाना गुलाम हैदर, हाफिज़ अल्लाउद्दीन, मौलाना खुर्सीद, हाफिज़ मे. हबूब आलम,मौलाना सरफराज, हाजी जहूर, सदर अस्मिद मियां, अनवर मियां, अब्दुल अंसारी,अज़हरुद्दीन,अफजल, आलम,मेराज,मुस्ताक, जिलानी,हैदयात अली, फिरोज निज़ामी, शोयब, अख्तर एवं हज़ारों लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबा. रकबाद दिए।

# बरही पश्चिमी भाग 4 से संजू देवी बनी जिला परिषद तो शिक्षा पर दिया जाएगा विशेष जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पश्चिम भाग 4 के जिला परिषद प्रत्याशी संजू देवी पति श्री भगवान केशरी जी ने बताया कि अगर क्षेत्र की जनता उन्हें एक बार अपने क्षेत्र के जिला परिषद के लिए चुनती है तो वे शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए अपने कार्यक्षेत्र मे प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना व अनुरक्षण करते हुए शैक्षणिक कार्यकलापों को प्रोत्साहन करेगी तथा उसका सर्वेक्षण व मूल्यांकन करेगी। जन शिक्षा व पुस्तकालय सु. विधाओं के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा के प्रचार–प्रसार का विस्तार करेंगी। साथ ही सामान्य छात्रावासों, आश्रमों, विद्यालयों तथा अनाथालय की स्थापना और अनुरक्षण भी करेगी। इसके अलावे उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में बरही को शिक्षा – केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।







प्रत्याशी द्वारा प्रकाशित एवं सीता प्रेस, [illegible] द्वारा 10 प्रतियाँ मुद्रित

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोल्हुवाकला गंझूडीह के पोकलेन ऑपरेटर की राजकोट गुजरात मे मौत, शव गांव पहुंचा, मातम पसरा

### टेलर में चढ़ाने के दौरान मशीन पलटने से हुई हादसा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


सुनील



कोल्हुवाकला पंचायत के गंझूडीह निवासी 22 वर्षीय सुनील सिंह की मौत गुजरात के राजकोट में पो. कलेन मशीन दबने से हो गई। जानकारी के अनुसार वह अपनी पोकलेन मशीन को टेलर पर चढ़ा रहा था। इसी बीच पोकलेन मशीन अनियंत्रित होकर पलट गया।। इसी क्रम में ऑप. रेटर सुनील दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार को शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना पर मौके पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और एमओ से संपर्क कर अनाज उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अपने स्तर से कुछ आर्थिक सहयोग भी किया। मंगलवार देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसी गांव के समा. जसेवी रामानंद यादव ने कहा कि इसी वर्ष युवक की शादी होने वाली थी। वह काफी मृदुल स्वभाव का था। घटना 29 अप्रैल को घटी थी। अंतिम संस्कार में मुखिया प्रत्याशी टेकलाल यादव, रघुवीर यादव, मंगलदेव यादव, रामदेव यादव, बिरजू पा. सवान, रामानंद यादव, भोला पंडित, मनोज पंडित, रवि यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दुलमहा चंदन नगर में पोल सहित 11000 वॉल्ट तार गिरा, तीन गांव में तीन दिन से बिजलीं बाधित

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


खेत मे गिरा पड़ा बिजलीं पोल एवं तार

पिछले दिनों आई आंधी तूफान ने कई घरों की छत को उड़ा ले गया, तो गई पेड़ उखड़ गए। इसी आंधी तूफान में दुलमहा चंदन नगर से गुजरी 11000 व०ल्ट के तार से जुड़ा पोल उखड़ कर नीचे गिर गया। जिसके वजह से चंदन नगर, बुढीडीह एवं सिंहपुर गांव में बिजलीं सप्लाई पुरी तरह बाधित है। दुलमहा पंचायत के युवा समाज सेवी एवं मुखिया प्रत्याशी बासुदेव पंडित बिजलीं बहाल करने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले ही पोल उखड़कर जमीन पर पड़ा हुआ है। 11000 वॉल्ट का तार टूटा पड़ा है। इसकी सूचना बिजलीं विभाग को है। बावजूद इसे ठीक नही कराया जा सका है। जिसके कारण बिजलीं सप्लाई बाधित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बिजलीं विभाग को सूचना दी गई है। उन्होंने अविलम्ब बिजलीं तार एवम पोल को ठीक करने की मांग की है।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर















सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार, नमाज अदा कर मांगी अमन की दुआएं

**अपेम लाइव : ब्यरो चीफ गिरिडीह**



गिरिडीह शहर में गले लगा कर मुबारकबाद दी।



ईद पर मुबारकबाद देते गिरिडीह के युवा



ईद पर मुबारकबाद देते हुए







गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों में मंगलवार को ईद–उल–फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने ईदगाहों और मस्जिदों में जाकर ईद–उल–फितर की नमाज अदा की और देश मे शांति, सौहार्द, भाईचारा और अमन चौन की दुआएं मांगी। कोरोना प्रकोप के कारण दो वर्षो के बाद इस वर्ष बिना किसी पाबंदी के त्योहार मनाने से लोगो मे काफी उत्साह दिखा, विशेष कर बच्चों में यह उत्साह और भी ज्यादा नजर आया। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबा. रकबाद पेश की। मुस्लमान रमज़ान उल–मुबारक के एक महीने के बाद एक मज़हबी खुशी का त्यौहार मनाते हैं जिसे ईद उल–फ़ित्र कहा जाता है। ये यक्म शवाल अल–मुकर्रम्म को मनाया जाता है। ईद उल–फ़ित्र इस्लामी कैलेण्डर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है। इसलामी कैलंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चाँद के दिखने पर शुरू होता है। मुसलमानों का त्योहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है और खुदा से सुख–शांति और बरक्कत के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे विश्व में ईद की खुशी पूरे हर्षोल्लास से मनाई जाती है। मुसलमानों का त्योहार ईद रमज़ान का चांद डूबने और ईद का चांद नज़र आने पर उसके अगले दिन चांद की पहली तारीख़ को मनाया जाता है। इस्लाम में दो ईदों में से यह एक है (दुसरी ईद उल जुहा या बकरीद कहलाती है)। पहली ईद उल–फ़ितर पैगम्बर मुहम्मद ने सन 624 ईसवी में जंग–ए–बदर के बाद मनायी थी। ईद उल फित्र के अवसर पर पूरे महीने अल्लाह के मो. मिन बंदे अल्लाह की इबादत करते हैं रोज़ा रखते हैं और कुआन करीम कुरान की तिलावत करके अपनी आत्मा को शुद्ध करते हैं जिसका अज्र या मजदूरी मिलने का दिन ही ईद का दिन कहलाता है जिसे उत्सव के रूप में पूरी दुनिया के मुसलमान बडे हर्ष उल्लास से मनाते हैं। ईद उल–फितर का सबसे अहम मक्सद एक और है कि इसमें ग़रीबों को फितरा देना वाजिब है जिससे वो लोग जो ग़रीब हैं मजबूर हैं अपनी ईद मना सकें नये कपडे पहन सकें और समाज में एक दूसरे के साथ खुशियां बांट सकें फित्रा वाजिब है उनके ऊपर जो 52.50 तोला चाँदी या 7.50 तोला सोने का मालिक हो अपने और अपनी नाबालिग़ औलाद का सद्कये फित्र अदा करे जो कि ईद उल फितर की नमाज़ से पहले करना होता है। ईद भाई चारे व आपसी मेल का तयौहार है ईद के दिन लोग एक दूसरे के दिल में प्यार बढाने और नफरत को मिटाने के लिए एक दूसरे से गले मिलते हैं उपवास की समाप्ति की ख़ुशी के अलावा इस ईद में मुसलमान अल्लाह का शुक्रिया अदा इसलिए भी करते हैं कि अल्लाह ने उन्हें महीने भर के उपवास रखने की शक्ति दी। हालांकि उपवास से कभी भी मोक्ष संभव नहीं क्योंकि इसका वर्णन पवित्र धर्म ग्रन्थो में नही है। पवित्र कुरान शरीफ भी बख्बर संत से इबादत का सही तरीका लेकर पूर्ण मोक्ष प्राप्त करने के लिए सर्वश. क्तिमान अल्लाह की पूजा करने का निर्देश देता है। ईद के दौरान बढ़िया खाने के अतिरिक्त नए कपड़े भी पहने जाते हैं और परिवार और दोस्तों के बीच तोहफ़ों का आदान–प्रदान होता है। सिवैया इस त्योहार का सबसे मत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है जिसे सभी बड़े चाव से खाते हैं। ईद के दिन मस्जिदों में सुबह की प्रार्थना से पहले हर मुसलमान का फ़र्ज़ होता है कि वो दान या भिक्षा दे। इस दान को ज़कात उल–फ़ितर कहते हैं। यह दान दो किलोग्राम कोई भी प्रतिदिन खाने की चीज़ का हो सकता है, मिसाल के तौर पे, आटा, या फिर उन दो किलोग्रामों का मूल्य भी। से पहले यह ज़कात ग़रीबों में बाँटा जाता है। उपवास की समाप्ति की ख़ुशी के अलावा इस ईद में मु. सलमान अल्लाह का शुक्रिया अदा इसलिए भी करते हैं कि अल्लाह ने उन्हें पूरे महीने के उपवास रखने की शक्ति दी। ईद के दौरान बढ़िया खाने के अतिरिक्त नए कपड़े भी पहने जाते हैं और परिवार और दोस्तों के बीच तोहफ़ों का आदान–प्रदान होता है। सिवैया इस त्योहार की सबसे जरूरी खाद्य पदार्थ है जिसे सभी बड़े चाव से खाते हैं। ईद के दिन मस्जिदों में सुबह की प्रार्थना से पहले हर मुसलमान का फ़र्ज़ है कि वो दान या भिक्षा दे। इस दान को ज़कात उल–फ़ितर कहते हैं। महत्व ईद का पर्व खुशियों का त्योहार है, वैसे तो यह मुख्य रूप से इस्लाम धर्म का त्योहार है परंतु आज इस त्योहार को लगभग सभी धर्मों के लोग मिल जुल कर मनाते हैं। दरअसल इस पर्व से पहले शुरू होने वाले रमजान के पाक महीने में इस्लाम मजहब को मानने वाले लोग पूरे एक माह रोजा रखते हैं। रमजान महीने में मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है, क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि इससे अल्लाह प्रसन्न होते है। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं का त्याग करना चाहिए, जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। ईद उल फितर का निर्धारण एक दिन पहले चाँद देखकर होता है। चाँद दिखने के बाद उससे अगले दिन ईद मनाई जाती है। सऊदी अरब में चाँद एक दिन पहले और भारत मे चाँद एक दिन बाद दिखने के कारण दो दिनों तक ईद का पर्व मनाया जाता है। ईद एक महत्वपूर्ण त्यौहार है इसलिए इस दिन छुट्टी होती है। ईद के दिन सुबह से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लोग इस दिन तरह तरह के व्यंजन, पकवान बनाते है तथा नए नए वस्त्र पहनते हैं।

# प्रखण्ड के 40 से अधिक मस्जिदों व ईदगाह में पढ़ी गई ईद की नमाज, आपसी भाईचारे का दिया सन्देश

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



चौपारण रू प्रखण्ड में ईद पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रखण्ड के लगभग 40 से अधिक मस्जिदों और ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी गई। चयकला ईदगाह मैदान, कमलवार ईदगाह मैदान के अलावे चयकला, जामुनचक, काजीमोहल्ला, भदेल, चौधरी मुहल्ला, परसावा, लखावर, अमरौल, चक, मालिकाना , गोा. बंदपुर, सिंघरावा सिमरिया , राम चक, नावाडीह , सेलहारा, अम्बादोहर, रैनबो करमा, दर्जी चक, बसरिया, परतापुर, सोनपुरा, भग. वानपुर, परसा तरी, पडरिया, अमझर, महूदि,केशठ, , मानगढ़, कोयली, कुबरी दोईया, तेतरिया,ऊपर चट्टी, बस स्टैंड, केवला, जगदीशपुर, दनुवा व अन्य मस्जिदों में ईद का नमाज सुबह 8 से 9 बजे के बीच पढ़ी गई। इस दौरान प्रखण्ड के हजारों मुस्लिम धर्मावल. बियों ने ईद की नमाज अदा कर सुख और शांति की कामना की। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई देकर उनके सुखद जीवन की कामना की। कोरोना के कारण पिछले दो वर्ष से ईद की नमाज सामूहिक रुप से नहीं हो पाती थी। मगर इस बार लोग दोगुने उत्साह के साथ इस त्योहार को मनाने में जुटे हैं। ईद के मौके पर बच्चों की खुशियां देखते ही बन रही थी। रंग बिरंगे कपड़ों को पहने ये बच्चे ईद के मौके पर अपने अपने मो. हल्ला में घर घर घूमने जा रहे थे। बच्चों के साथ बड़े बुजुर्गो में भी ईद की खुशी देखी गई। ईदगाहों में लोग एक दूसरे को गला लगाकर ईद की बधाई देते नजर आये। इस मौके पर रांची ईदगाह के मौलाना साहब ने कहा कि ईद की नमाज वतन की सुरक्षा और दुश्मनों से बचाने के लिए की गई है। इस दौरान लोगों ने घर आने वाले मेहमानों को सेवई लच्छा खजूर जैसे पा. रम्परिक पकवानों से स्वागत किया।

# जिला परिषद के बहाने राजनीतिक पृष्ठभूमि तैयार करने में जुटे रवि अकेला

## विधायक पिता के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की है तैयारी

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



देश तथा प्रदेश में राजनी. तिक महत्वाकांक्षा की जमीन पर विरासत के सियायी फूल खिलाना आसान नहीं है, कई लोग सफल हुए कई लोगों असफल। बरही विधायक के पुत्र रवि शंकर अकेला अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की तैयार में है। पंचायत चुनाव में जिला परिषद का उम्मीदवार बनकर राजनी. तिक पृष्ठभूमि तैयार करने में जुटे रवि अकेला ने अपने पक्ष में जनसमर्थन मांग रहे है। चुनावी दंगल में जोर आजमा रहे रवि अकेला का राह इतनी भी आसान नही है। अपनी अगली पीढ़ी की सियासी राह आसान करने का दांव चल रहे रवि अकेला के राहों में कांटा बनकर उनके ही पार्टी के तीन बड़े नेता डॉ रामानुज, महेंद्र साहू व हीरा सिंह चुनावी मैदान में है जो कांग्रेस के परंपरागत वोट को अपने पाले में करने के जुगात में है। भले ही पंचायत चुनाव पार्टी स्तर पर नही हो लेकिन विधायक समेत अन्य ने. ताओं के लिए चौपारण भाग दो प्रतिष्ठा का सीट बन गया है। दूसरी तरफ वंशवाद की राजनीति को रोकने के लिए मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा नेता राजदेव यादव मजबूत उम्मीदवार बनकर चुनाव मैदान में रवि अकेला को पटखनी देने के लिए कमर कस लिया है। इधर इन सबको पीछे छोड़कर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव, डॉ रामानुज, महेंद्र साव, उगंती सिंह, चेतलाल साहू, हीरा सिंह, मो रिजवान आगे निकलकर जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे है।

### पिता ने 40 वर्षो तक जनता सेवा किया, मुझे भी सेवा का मौका मिले : रवि अकेला

इस संदर्भ में जिला परिषद उम्मीदवार रवि शंकर अकेला ने कहा कि मेरे पिता 40 वर्षो से जनता के सेवा में लगा है और मैं भी उनके साथ कदम से कदम मिला कर रहा हूँ इसलिए मुझे भी एक बार सेवा का मौका मिले। चुनाव के बहाने भविष्य की राजनीति सवाल पर रवि ने कहा कि पहले जिला परिषद का चुनाव की बात करे भविष्य की बाते भविष्य में होगा। मुख्य मुकाबला के सवाल पर रवि अकेला अपने जीत के प्रति आस्वस्त है। कहा मेरे मुकाबले में कोई नही है।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एक नज़र गांव की सरकार चुनावी प्रक्रिया पर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला सहित पूरे झारखंड राज्य में ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जोरों पर है। प्रत्याशीयों के लिए चुनाव आयोग ने क्या क्या पाबंदियां लगाई है आइए जानते हैंरु झारखंड कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लौडिस्पिकरस एक्ट 1995के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10बजे से प्रातः तक वर्जित रहेगा। किसी भी सार्वजनिक/सरक.ारी संपत्ति या किसी व्यक्तिगत संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर/पंपलेट चिपकाना, सार्वजनिक सड़कों पर झंडा/बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना, तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध आरोपित किया जाता है/गया है। उक्त प्रतिबंधन का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित व्यक्तियों पर परवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1987के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। मतदान की तिथि की पूर्व संध्या 5ः00बजे से मतदान की समाप्ति तक कोई भी मंत्री/विधायक/पार्षद/सांसद को उन क्षेत्रों में जहां मतदान कराया जा रहा है दौरे पर जाने नही दिया जायेगा। परंतु यदि किसी मंत्री/विधायक/पार्षद/सांसद का नाम किसी पंचायत के मतदाता सूची में दर्ज है और वे इस निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों तो उन्हें सिर्फ अपना वोट डालने हेतु सम्ब.न्धित निर्वाचन क्षेत्र के लिए स्थापित मतदान केंद्र में जानें की अनुमति दी जाएगी। अपना वोट डालने के तुरंत बाद वे क्षेत्र से बाहर चले जायेंगे। किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी व्यक्ति की भूमि,भवन, अहाते या दिवार का उपयोग झंडा/बैनर आदि लगाने का कार्य भवन मालिक की लिखित अनुमति के बगैर नहीं किया जाना चाहिए और अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओ को भी ऐसा नहीं करने देना चाहिए। ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य (वार्ड सदस्य)पद के अभ्यर्थी अपने निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार के उमबिदप्रमक वाहन द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए अधिकृत नही होंगेऔर न ही मतदान के दिन किसी वाहन का उपयोग उनके द्वारा किया जायेगा। ग्राम पंचायत के मुखिया पद के अभ्यर्थी अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार प्रसार तथा मतदान के दिन भ्रमण के लिए मात्र दो वाहनों का ही उपयोग कर सकेंगे। पंचायत समिति के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य पद के अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार प्रसार तथा मतदान के दिन भ्रमण हेतु मात्र दो वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। जिला परिषद के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों के सदस्य पद के अभ्यर्थी अपने चुनाव प्रचार तथा मतदान के दिन भ्रमण हेतु अपने निर्वाचन क्षेत्र में अधिकतम चार वाहनों का उपयोग कर सकेंगे।चुनाव प्रचार में वाहनों के उपयोग हेतु अभ्यर्थियों को उस निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनुमति आदेश की प्रति वाहन के ऐसे भाग पर चिपकी रहेगी जो आसानी से दृश्यमान हो सके। कोई भी अभ्यर्थी निर्वाची पदाधिकारी द्वारा अनुमति प्राप्त वाहन को अपने निर्वाचन क्षेत्र छोड़कर किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार हेतु उपयोग नही कर सकेगा। अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता के अतिरिक्त अभ्यर्थी के किसी अन्य समर्थक के मतदान के दिन वाहन से भ्रमण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई भी व्यक्ति यदि वह राज्य या केंद्र सरकार के शिक्षण संस्थाओं में शिक्षक/कर्मचारी के रुप में कार्यरत हो तो वह अभ्यर्थी नही हो सकता। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, नगर निगम, सहकारिता अधिकोष/निगम, खादी ग्रामोद्योग संघ, हस्तकरघा निगम एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार उपक्रमों के कर्मी या पदा.धिकारी भी त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से अभ्यर्थी नही हो सकते जब तक वे अपने पद पर कार्यरत हैं। सेवानिर्वित सरकारी सेवक जनवितरण प्रणाली के अनुज्ञप्तधारी विक्रेता कमीशन के आधार पर काम करने वाले अभिकर्ता अकार्यरत गृहरक्षक (होमगार्ड) मनरेगा के मेट आदि त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के निर्वाचन के किसी भी पद के लिए उम्मीदवार हो सकते हैं।

## बारातियों से भरे बस पलटने से एक की मौत, कई लोग घायल

**अपेम लाइव : गांवा**

**मोजाहिद अली**



गावां थाना क्षेत्र के पटना–बादीडीह मुख्य सड़क पर भेलवा गांव के पास मासूम नामक इस अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें एक अधेड़ की मौत हो गई वहीं खलासी समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी कनीकेंद नवादा बिहार से कन्यादान कर वापस भिखी लौट रहे थे इस क्रम में बस चालक अनियंत्रित होकर बादीडीह के समीप बस को पलट दिया जिसमें मुख्य रूप से बादीडीह निवासी पचास वर्षीय मुंशी माहतो पिता बंधु महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। अन्य सभी घायलों को ग्रामीणों व 108 के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा भेजा गया जहा डॉ चंद्रमोहन कुमार ने स्थिति को देखते प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह रेफर कर दिया। इधर घटना के प्रति अक्रो.शित ग्रामीणों ने पटना चौक के पास मुख्य पथ को जाम कर दिया। इस बीच गांवा थाना प्रभारी पिंटू कुमार दल बल के साथ तैनात थे। जिसके बाद स्थानीय इंस्पेक्टर परमेश्वर लियांगी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेन्द्र रविदास, अंचलाधिकार दीपक प्रसाद, पूर्व विधायक राजकुमार यादव आदि घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक व घायलों के परिजनो को उचित मुवाबजे दिलाने का बात कहे। मुआबजे की आश्वासन के बाद जाम को हटा दिया गया है।

## डिजनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार की तैयारी जोरों पर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला मुख्यालय स्थित झंडा मैदान पर डि.जनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार लगाने की तैयारी अन्तिम चरण में है। डि.जनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार के प्रोपराइटर एमडी आरिफ ने बताया कि डिजनीलैंड सह हस्त.शिल्प बाजार की शुरुआत आज मंगलवार 03/05/2022को शाम छः बजे नगर निगम गिरिडीह के उप महापौर के कर कमलों द्वारा विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। उन्होने कहा कि डिजनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार में भारत के विभिन्न प्रांतों के हस्तशि.लिपयों द्वारा उत्पादित सामग्रियो की प्रर्दशनी एवं बिक्री की जायेगी। डि.जनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार में प्रवेश करने वाली के लिए दस रुपए का टिकट लेना अनिवार्य होगा तभी उन्हें प्रवेश की अनुमति होगी। डिजनीलैंड में मनोरंजन के लिए झूला एवं स्वादिष्ट भोजन का आनंद लें पाएंगे लोग। पांच वर्ष तक के बच्चो को प्रवेश टिकट नहीं लगेगा। मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, टोरा टोरा, टावर झूला, ड्रेगन ट्रेन, मिक्की माउस, वाटर बोट, जंपिंग झूला और स्कार्पियो झूला लगाया गया है। डि.जनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार का मुख्य आकर्षण लखनऊ का चिकन वर्क, भदोई का कालीन, बनारसी सूट एवं साड़ी, भागलपुर का सिल्क, आसाम का बांस से बना सामान, गुजराती सूट एवं चादर, लखनऊ का टेराक.ोटा एवं क्रोकरी, बंगाल का काया वर्क, दिल्ली का ब्लाक प्रिंट कुर्ती, मुरादाबाद का पीतल से बना सामान, नागालैंड का ड्राई फ्लावर, सहारनपुर का फर्नीचर, राजकोट की फैंसी ज्वेलरी, हरियाणा की बेडशीट एवं चादर, बंगाल का जुट बैग, खादी ग्रामोद्योग के वस्त्र, आ.र्टिफिशियल ज्वेलरी, बिना पानी का कूलर, घर के साफ सफाई के अत्याधु.निक यंत्र, फैंसी गैस चूल्हा, पिकनिक टेबल, रा.जस्थानी जूती, राजस्थानी आचार, राजस्थानी लहंगा, आर्युवेदिक दवाइयां, नाग.पुर का सूती बैग, स्वादिष्ट व्यंजन, आंध्रा का क्रोशिया वर्क, मल्टी कटर एवं गैस नाली सहित अन्य स्ट०ल व दुकानें हैं। डिजनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार का रोजाना खुलने का समय दिन के 03रु 30बजे से रात्रि 10बजे तक है डि.जनीलैंड सह हस्तशिल्प बाजार गिरिडीह के झंडा मैदान में महिने भर चलने की बात कही है एमडी आरिफ ने।

## गांव की सरकार के लिए अभ्यर्थियों का खर्च की सीमा तय

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला सहित पूरे झारखंड राज्य में पंचायती राज व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गांव की सरकार बनाने की प्रक्रिया जोरों पर हैं। राज्य निर्वाचन आयोग में अभ्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा का निर्धारण यथा रूप में किया गया है सदस्य ग्राम पंचायत (वार्ड सदस्य) के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 14, 000रुपए है। ग्राम पंचायत के मुखिया पद के अभ्यर्थी के लिए निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 85, 000रुपए है। सदस्य पंचायत समिति के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 71, 000रुपए है। सदस्य ज़िला परिषद के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 2,14, 000रुपए है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ जमडीहा में शुरू हुआ महायज्ञ

**अपेम लाइव : बिरनी**

**सब्बा अहमद**



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

बिरनी प्रखंड के गादी पंचायत अंतर्गत जमडीहा गांव में श्री श्री 108 मां भगवती, पार्वती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ इस महायज्ञ के आचार्य हैं श्री बृजेश शाण्डिल जो वाराणसी से चलकर आए हैं उपाचार्य हैं श्री कृष्णा नंद शास्त्री, कथावाचक श्री रामानंद नंद शास्त्री, श्री ओमप्रक.ाश जी महाराज, श्री मति जानकी शरण शास्त्री, वैदिक श्री राजेश रंजन पाण्डेय, वैदिक श्री आशुतोष शास्त्री, पारायण कर्ता श्री दिनदयाल गौड़, परिचायक श्री पंचानंद दूबे, कथावाचक श्री रामानंद शास्त्री जी ने बताए यज्ञ दो अक्षरों से बना है यज्ञ अंधकार से ज्ञान की और ले जाता है इस कलशयात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे यज्ञ समिति अध्यक्ष संतोष सिंह, उपाध्यक्ष अजय सिंह, सचिव दशरथ सिंह, कोषाध्यक्ष जनार्दन राम, मुख्य पुजारी श्री रामप्रसाद सिंह, पप्पू सिंह, सहदेव सिंह, प्रेम तरवे, रणधीर सिंह,भीम सिंह, श्यामसुंदर सिंह, सुभाष सिंह के साथ हजारों श्रद्धालु शामिल थे

## रोजाना सैकडों रोगियों को स्वास्थ्य लाभ देने वाला सदर अस्पताल खुद है बीमार

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अस्पताल उर्फ सदर अस्पताल गिरिडीह...... नाम सुनकर लगता है कि गरीब गुरबो को स्वास्थ्य लाभ देने वाला बहुत बड़ा और सुसज्जित अस्पताल होगा। आपका सोचना भी लाजमी है मगर अफसोस आप जब सदर अस्पताल गिरिडीह परिसर प्रवेश करेंगे तो आप का सामना होगा चारो तरफ टूटी फूटी नालियाँ से, जहां तहां कूड़ा कचरा का ढेर से शौचालय बिना गेट का पूरी तरह से गंदगी का ढेर लगा हुआ, बेड फटा पुराना, पंखे अंग्रेज जमाने के, किसी भी वार्ड में लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं से। इन सभी नजारों को देखकर आपको यकीन ही नहीं होगा कि आप सदर अस्पताल गिरिडीह में हैं। आज के समय में सुविधाओं का घोर अभाव के कारण सदर अस्पताल रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। सदर अस्पताल अपनी बदहाली पर लगातार आंसू बहा रही है मगर कोई देखने वाला नही कोई सुननेवाला नही। जख्मी लोगों की सारी उम्मीदें उस वक्त टूट जाती है जब उसके पृष्क्रीपशन में दवाई की जगह चिकित्स्क रेफर टू पीएमसीएच धनबाद या रिम्स रांची लिख कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हरहद गांव में ट्रांसफार्मर में आई फॉल्ट, करीब दस दिनों से पूरे गाँव में बिजली आपूर्ति बाधित

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के घोरदौड पंचायत के हरहद गाँव में करीब दस दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, ऐसे में गाँव का ग्रमीण रितेश कुमार, रूपेश बाबू, मुलायम यादव, पवन पा. सवान, विवेक मांझी, सोनू सूद, लालबिहारी यादव, भोला यादव, राकेश पा. सवान आदि लोगो को कहना है कि आज से करीब 10 दिन पहले हरहद गाँव में लगे 25 केबी का ट्रांसफार्मर में फ०ल्ट आ गया था। जिसे हम सभी ग्रामीणों के द्वारा चंदा करके ट्रांसफार्मर को बनवाया गया था। जिसे क्षेत्र के मिस्त्री दिनेश कुमार के द्वारा काट दिया गया। ग्रमीणों के द्वारा दिनेश से मेन कनेक्शन को काटे जाने के बारे में पूछे जाने पर ओ ग्रमीणों से पैसा का मांग करता है।, ऐसे में बिजली कनेक्शन काटे जाने पर हरहद गाँव से जुड़े और भी अगल बगल की गाँव सलखुवा, लुटूवा, मतकोमा आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बा. धित है।

## उपायुक्त ने चतरा एवं सिमरिया अनुमंडल में बन रहे बज्रगृह का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



चतरा त्रित्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के मद्देनजर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त अंजली यादव एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने चतरा क०लेज पहुँच बज्रगृह समेत मतपत्र/मतपेटिका कोषांग, पोलिंग पार्टी डिस्पैच/ कॉउंटिग समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने एक एक कर बनाए जा रहे मतपत्र, मतपेटिका के रख रखाव एवं पोलिंग पार्टी डिस्पैच को लेकर पदाधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो एवं शांतिपूर्ण तरीके से ससमय चुनाव सम्पन्न कराई जा सके। जिसके पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने सिमरिया अनुमंडल पहुंच चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय विद्यालय सिमरिया एवं प्लस टू हाई स्कूल में बन रहे स्ट्रांग रूम एवं कॉ. उंटिग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्ट्रांग रूम एवं कॉउंटिग ह०ल निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए अगले 23 दिनों में बज्रगृह निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास एवं अन्य संबंधित मौके पर मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि झारखण्ड राज्य अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के ग्राम पंचायत सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पद के लिए निर्वाचन हेतु कुल चार चरणों (14 मई, 19 मई, 24 मई एवं 27मई, 2022) में चुनाव निर्धारित है।

## सीता के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से उबाल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत के रमुवां निवासी 11 वर्षीया सीता कुमारी पिता रोहित कुमार प्रजापति के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में उबाल है। घटना के छह दिन बीतने के बावजूद पुलिस अब तक हत्यारों तक पहुंचने में विफल साबित हो रही है। जबकि परिजनों ने हत्यारों तक पहुंचने का सुराग पुलिस को उपलब्ध करा दिया है। बता दें कि बीते गुरुवार को नाबालिग सीता की अज्ञात अपराधियों ने घर से कुछ दूरी पर स्थित सतगढ़वा नदी के पास ले जाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को जंगल के बीच एक नाले में फेंक दिया था। काफी खोजबीन के बाद शव बरामद किया गया। हत्या करने के बाद उसी दिन हत्यारों ने परि. जनों को फोन के माध्यम से क०ल कर धमकी भी दी थी। परिजन पुलिस को हत्यारे का उक्त मोबाइल नंबर पुलिस को उपलब्ध करा चुकी है। इसके बाद भी पुलिस अब तक हत्यारों का पता लगाने में नाकाम है। इससे स्थानीय लोगों में उबाल बढ़ रहा है। नाबा. लिग बच्ची राजकीय मध्य विद्यालय चेड़रा में सातवीं कक्षा की छात्रा थी। घटना को लेकर समाजसेवी ऋत्विक मिश्रा तथा राजू श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री, हजारीबाग पुलिस समेत वरीय अधिकारियों को ट्विट कर तत्काल इस मामले का उद्भेदन करने तथा हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा है कि पुलिस अगर एक सप्ताह के भीतर हत्यारों का पता लगाकर गिरफ्तार नहीं करती है तो हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन किया जाएगा। इधर, पुलिस टेक्निकल डिटेल्स उपलब्ध होने के उपरांत कार्रवाई की बात कह रही है।

## पीड़ित परिजनों से मिलकर सांसद जयंत सिन्हा एसडीपीओ को दिया निर्देश, कहा

## घटना का उद्भेदन कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



**विष्णुगढ़ में पीड़ित परिजनों से मिलते सांसद जयंत सिन्हा**

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया। विष्णुगढ़ पहुंचने पर सबसे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने सातमील मोड़ पर फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सांसद रमुवां निवासी नाबा. लिग सीता कुमारी की बीते गुरुवार को हुई हत्या के बाद परिजनों से मिले और ढ़ाढ़ंस बंधाया। मौके पर मौजूद विष्णुगढ़ एसडीपीओ अनुज उरांव को उन्होंने मामले का शीघ्र उद्भेदन करने तथा हत्यारों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। परिजनों से कहा कि उन्हें हरसंभव मदद की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर सांसद को ज्ञापन भी सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई कराने का आग्रह किया। इसके बाद सांसद चानो पंचायत के मंगरो में आयोजित महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र की शांति और खुशहाली की कामना की। बनासो के नावाटांड निवासी समाजसेवी सुरेश राम के खराब स्वास्थ्य को लेकर हालचाल भी जाना। चानो चौक पर भी सांसद का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मौके पर विपिन कुमार सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद, शंभुनाथ पांडेय, डोमन गुप्ता, किशोर कुमार मंडल, गुरु प्रसाद साव, निर्मल कुमार, भीम प्रसाद, संजय उर्फ बबलू, अंजू देवी, धीरज यादव, कारू प्रजापति, विनोद गुप्ता, सीमा देवी, डेजी सिन्हा, उषा देवी, बिनोद सिंह, यमुना प्रसाद, गिरजा साव, अरविन्द कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।







